***hNeed to provide stoppage of Train Nos. 09269/09270 at Hardoi Railway Station-laid**

श्री जय प्रकाश (हरदोई): मै माननीय रेल मंत्री जी से सप्ताह में केवल दो दिन चलने वाली रेलगाड़ी संख्या 09269/09270 का ठहराव उत्तर रेलवे मण्डल के मुरादाबाद डिवीजन के अंतर्गत, हरदोई रेलवे स्टेशन पर स्वीकृत किए जाने का आग्रह करता हूँ।

हरदोई से प्रत्येक माह प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान से जुड़े हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन, जिनमें अधिकांश वृद्धजन, महिलाएं तथा बच्चे सम्मिलित हैं, अपनी आध्यात्मिक उन्नति एवं राज्यों की शिक्षा ग्रहण करने के लिए माउंट आबू का भ्रमण करते हैं। इन श्रद्धालु जनों के लिए हरदोई से माउंट आबू जाने और वहां से वापस आने के लिए कोई सीधी रेलगाड़ी उपलब्ध नहीं है। श्रद्धालुओं को हरदोई से माउंट आबू राजस्थान जाने के लिए शाहजहांपुर अथवा बरेली जंक्शन जाना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी सुविधाओं का सामना करना पड़ता है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वह इन श्रद्धालु जनों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी काफी समय से चली आ रही इस मांग को पूरा करें, ताकि गाड़ी संख्या 09269/09270 का ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन में भी उपलब्ध कराया जा सके।